## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: भू-संतुलन / समस्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य है?

**Options:**

A. प्रैट का सिद्धांत प्लवन के नियम पर आधारित था।

B. ए. प्रैट के सर्वेक्षण के दौरान कलियाना एवं कलियानपुर के बीच गुरुत्वाकर्षण में अंतर 10 सैकेण्ड से अधिक था।

C. ए. प्रैट के सर्वेक्षण के दौरान कलियाना तथा कलियानपुर के बीच गुरुत्वाकर्षण में अंतर 10 सैकेण्ड से कम था।

D. प्रैट की अभिधारणा थी कि 'स्तम्भ जितना बड़ा होगा, घनत्व उतना अधिक होगा'।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ए. प्रैट के सर्वेक्षण के दौरान कलियाना तथा कलियानपुर के बीच गुरुत्वाकर्षण में अंतर 10 सैकेण्ड से कम था।

**2.**

Question: सूची-1 को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट में सही उत्तर का चयन करें –
सूची-I
(भ्रंश के प्रकार)
(a) सिनिस्ट्रल भ्रंश
(b) व्युत्क्रम भ्रंश
(c) सामान्य भ्रंश
(d) डेक्सट्रल भ्रंश
सूची-II
(शैल खण्डों का विस्थापन)
(i) विपरीत दिशा में
(ii) भ्रंश तल के बायीं ओर होता है
(iii) एक दूसरे के आमने-सामने
(iv) भ्रंश तल के दायीं ओर होता है

**Options:**

A. (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

B. (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

C. (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)

D. (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

**3.**

Question: ज्वार द्वारा उत्पन्न धाराएं जब जलडमरूमध्य अथवा खाड़ी से गुजरती हैं, तो जानी जाती हैं -

**Options:**

A. ज्वारीय आयतन

B. ज्वारीय उभार

C. ज्वारीय तीव्रता

D. ज्वारीय रेंज

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ज्वारीय उभार

**4.**

Question: भरतपुर एवं अलवर जिले का अधिकांश भाग किन समवर्षा रेखाओं के मध्य स्थित है?

**Options:**

A. 600-700 मिलीमीटर

B. 800 मिलीमीटर से अधिक

C. 600 मिलीमीटर से कम

D. 700-800 मिलीमीटर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 600-700 मिलीमीटर

**5.**

Question: निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्दियों में बाढ़ आती है?

**Options:**

A. पश्चिम बंगाल

B. केरल

C. आन्ध्र प्रदेश

D. तमिलनाडु

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: तमिलनाडु

**6.**

Question: किसने कहा, "मकान और सड़कों के लिए मिट्टी का उपयोग अनुत्पादक है"?

**Options:**

A. विडाल डी ला ब्लाचे

B. ई.सी. सेम्पल

C. एफ. रैटज़ेल

D. जीन ब्रुनहेस

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जीन ब्रुनहेस

RajTest

**7.**

Question: वेबर के अनुसार, किसी भी पदार्थ या उत्पाद हेतु समान परिवहन लागत की रेखा कहलाती है

**Options:**

A. आइसोडापेन

B. अवस्थिति-त्रिभुज

C. क्रान्तिक आइसोडापेन

D. आइसोटिम

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: आइसोटिम

**8.**

Question: संयुक्त राज्य अमेरिका के निम्नलिखित में से किन स्थानों का समूह निजी क्षेत्र में जहाज निर्माण एवं मरम्मत उद्योग के लिए जाना जाता है?

**Options:**

A. एटलांटा, आयोवा तथा मेन

B. व्योमिंग, यूटा तथा न्यूयॉर्क

C. वर्जीनिया, कनेक्टिकट तथा मिसिसिपी

D. ओरेगन, मोंटाना तथा फ्लोरिडा

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: वर्जीनिया, कनेक्टिकट तथा मिसिसिपी

**9.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसे प्रत्यक्षवाद भूगोल की विषयवस्तु हैं?
(A) इसे अनुभववाद भी कहा जाता है।
(B) यह आदर्शवाद का विरोधी है।
(C) इसकी स्थापना ऑगस्टे कॉम्टे ने की थी।
(D) यह अधिनायकवाद का विरोध करता है।

**Options:**

A. (A), (B), (C) और (D)

B. (A) और (C)

C. (B) और (C)

D. (B), (C) और (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B), (C) और (D)

**10.**

Question: हरित क्रान्ति का 'लाल मुखौटा' संदर्भित है -

**Options:**

A. कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से

B. ग्रामीण क्षेत्रों में हिंसा की घटनाओं में वृद्धि से

C. भूमि में लवणता की समस्या से

D. गेहूं के उत्पादन की अधिकता से

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ग्रामीण क्षेत्रों में हिंसा की घटनाओं में वृद्धि से

**11.**

Question: 'महोगनी वृक्ष' निम्नलिखित में से किस प्रकार के वन में पाये जाते हैं?

**Options:**

A. उष्णकटिबन्धीय पर्णपाती वन

B. उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन

C. पर्वतीय वन

D. मैंग्रोव वन

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उष्णकटिबन्धीय सदाबहार वन

**12.**

Question: वेबर के अतिरिक्त, अन्य किस भूगोलवेत्ता ने औद्योगिक अवस्थिति के लिये अवस्थिति त्रिभुज प्रस्तुत किया?

**Options:**

A. इज़ार्ड

B. स्मिथ

C. ए. फेटर

D. हूवर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ए. फेटर

**13.**

Question: राजस्थान के हमादा मरुस्थलीय प्रदेश की शैलें निम्नलिखित में से किस भूगर्भिक काल की हैं?

**Options:**

A. कैम्ब्रियन व ऑर्डोविशियन काल

B. कार्बोनिफेरस व पर्मियन काल

C. ओलिगोसीन व मायोसीन काल

D. जुरासिक व इओसीन काल

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जुरासिक व इओसीन काल

**14.**

Question: भारत में हरित क्रांति की निम्नलिखित में से कौनसी कमियां हैं?
(A) अन्तर-फसल असंतुलन
(B) क्षेत्रीय असमानताएं
(C) बेरोजगारी
(D) पारस्परिक असमानताओं में वृद्धि

RajTest

**Options:**

A. केवल (A) तथा (B)

B. (A), (B) तथा (D)

C. (A), (B) तथा (C)

D. (A), (B), (C) तथा (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B), (C) तथा (D)

**15.**

Question: फेनमैन के "भूगोल की परिधि" में निम्नलिखित में से कौनसा सम्मिलित नहीं था?

**Options:**

A. जीव-विज्ञान

B. भू-विज्ञान

C. इतिहास

D. भौतिकी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भौतिकी

**16.**

Question: वॉन थ्यूनेन के सिद्धांत के अनुसार, एक किसान का लाभ निम्नलिखित में से किन चरों पर निर्भर करता है?
(A) वस्तु का विक्रय मूल्य
(B) उत्पादन की लागत
(C) परिवहन की लागत
(D) श्रम

**Options:**

A. (A), (B) तथा (C)

B. केवल (A) तथा (C)

C. केवल (B) तथा (C)

D. (A), (B), (C) तथा (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) तथा (C)

**17.**

Question: आग्नेय चट्टानों में निम्नलिखित में से कौनसी एक विशेषता पायी जाती है?

**Options:**

A. जीवाश्म

B. अपशल्कन

C. परतें

D. रवेदार

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: रवेदार

**18.**

Question: रात्रि काल में विकिरण तापमान व्युत्क्रमण की आदर्श स्थिति होती है / हैं -
(A) स्वच्छ आकाश
(B) ठंडी शुष्क वायु
(C) तेज हवा वाली रात

**Options:**

A. (A) तथा (B) सही हैं

B. (B) तथा (C) सही हैं

C. केवल (C) सही है

D. केवल (A) सही है

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) तथा (B) सही हैं

**19.**

Question: निम्नलिखित विद्वानों को उनसे सम्बन्धित पुस्तक अनुसार सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
सूची-1 (पुस्तक)
(A) एन आउटलाईन ऑफ जियोमॉर्फोलॉजी
(B) द अनस्टेबल अर्थ
(C) द सर्फेस हिस्ट्री ऑफ द अर्थ
(D) अर्बस डायनेमिक सिस्टम
(E) प्रिंसीपल्स ऑफ जियोलॉजी
सूची-II (विद्वान)
(I) जे. जॉली
(II) जे.ए. स्टीयर्स
(III) वूल्ड्रिज एंड मॉर्गन
(IV) जी. वाटर्स एंड वुडफोर्ड
(V) डब्ल्यू.के. हैम्ब्लिन

**Options:**

A. (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(V), (E)-(IV)

B. (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(V), (E)-(IV)

C. (A)-(IV), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(V), (E)-(III)

D. (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(IV), (E)-(V)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(V), (E)-(IV)

**20.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा नगर के प्रभाव क्षेत्र से सम्बन्धित नहीं है?

**Options:**

A. नगर प्रदेश

B. नगरीय पृष्ठप्रदेश

RajTest

C. केंद्रीय व्यापारिक जिला (CBD)
D. अमलैण्ड
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केंद्रीय व्यापारिक जिला (CBD)

**21.**

Question: राजस्थान के कृषि–जलवायु प्रदेश III-B में सम्मिलित जिले हैं -

**Options:**

A. अलवर, भरतपुर, धौलपुर
B. भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़
C. कोटा, झालावाड़, बारां
D. जयपुर, अजमेर, दौसा
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अलवर, भरतपुर, धौलपुर

**22.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा (पुस्तक – लेखक) सुमेलित नहीं है?

**Options:**

A. एयर पावर : की टू सर्वाइवल – डी. सेवेरस्की
B. डेवलपमेंट इन पॉलिटिकल ज्योग्राफी - ए. बर्नेट
C. द कॉरिडोर्स ऑफ टाइम – एच.जे. फ्लेर
D. द न्यू वर्ल्ड इसायाह बोमन
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डेवलपमेंट इन पॉलिटिकल ज्योग्राफी - ए. बर्नेट

**23.**

Question: "एकाकी क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था जेनेरे डी वी को जन्म देती है।" यह कथन दिया था –

**Options:**

A. हम्बोल्ट
B. ब्लाचे
C. हार्टशोर्न
D. रिटर
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ब्लाचे

**24.**

Question: भारत में प्रवास के कारणों पर सूचना का समावेश किस जनगणना वर्ष में किया गया?

**Options:**

A. 1981
B. 1971
C. 1961
D. 1881
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1981

**25.**

Question: निम्नांकित मानों के लिए मानक विचलन की गणना कीजिए एवं सही उत्तर का चयन कीजिए-
01, 03, 05, 07, 09

**Options:**

A. 2.38
B. 2.03
C. 2.53
D. 2.83
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 2.83

**26.**

Question: 'रेडियोसॉन्ड' उपकरण संबंधित है -

**Options:**

A. पृथ्वी के धरातल के अध्ययन से
B. पृथ्वी की आन्तरिक संरचना के अध्ययन से
C. वायुमण्डल के अध्ययन से
D. समुद्र अध्ययन से
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: वायुमण्डल के अध्ययन से

**27.**

Question: निम्नलिखित में से 2022-23 में राजस्थान के किस जिले की प्रति हेक्टेयर ज्वार की उत्पादकता सर्वाधिक थी?

**Options:**

A. राजसमन्द
B. करौली
C. भीलवाड़ा
D. चित्तौड़गढ़
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: चित्तौड़गढ़

**28.**

Question: मंगलम सीमेन्ट लिमिटेड अवस्थित है

**Options:**

RajTest

A. मोडक में
B. भिवाड़ी में
C. धौलपुर में
D. अलवर में
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: मोडक में

**29.**
Question: वॉन थ्यूनेन का कृषि अवस्थिति सिद्धांत है -
**Options:**
A. आदर्शवादी तथा अनिश्चयवादी
B. अनिश्चयवादी तथा यांत्रिक
C. आनुभविक तथा मानकीय
D. निश्चयवादी तथा मानकीय
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: निश्चयवादी तथा मानकीय

**30.**
Question: "मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।" यह कथन किसका है?
**Options:**
A. रिटर
B. कु. सेम्पल
C. रैटज़ेल
D. टेलर
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: कु. सेम्पल

**31.**
Question: ट्रांस कैनेडियन रेलमार्ग के प्रमुख नगरों का पूर्व से पश्चिम की ओर सही अनुक्रम लिखें -
**Options:**
A. हैलिफैक्स – क्यूबेक - विनिपेग - वैंकूवर
B. वैंकूवर – विनिपेग – क्यूबेक - हैलिफैक्स
C. क्यूबेक – हैलिफैक्स – विनिपेग – वैंकूवर
D. हैलिफैक्स – क्यूबेक – वैंकूवर – विनिपेग
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: हैलिफैक्स – क्यूबेक - विनिपेग - वैंकूवर

**32.**
Question: सुदूर संवेदन में विद्युत् चुम्बकीय स्पैक्ट्रम की किस तरंगदैर्ध्य का उपयोग किया जाता है/हैं?
(A) 0.03 - 0.2 नैनोमीटर
(B) 0.4 - 0.7 माइक्रोमीटर
(C) 0.1 - 30.7 सेंटीमीटर
(D) 8 - 14 माइक्रोमीटर
**Options:**
A. (A) और (D)
B. (B), (C) और (D)
C. (A) और (B)
D. केवल (B)
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: (B), (C) और (D)

**33.**
Question: मैकिण्डर की पुस्तक से किस भूगोलवेत्ता ने 'हृदय क्षेत्र' शब्द लिया?
**Options:**
A. ए.टी. महान
B. जेम्स फेयरग्रीव
C. कार्ल हौशोफर
D. रुडोल्फ केजेलेन
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: जेम्स फेयरग्रीव

**34.**
Question: निम्नलिखित में से कौनसा (भारतीय भूगोलवेत्ता - अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र) सुमेलित नहीं है?
**Options:**
A. एस.एम. अली – ऐतिहासिक भूगोल
B. आर.एन. दुबे – आर्थिक एवं वाणिज्यिक भूगोल
C. जॉर्ज कुरियन – भू-आकृति विज्ञान
D. एस.पी. चटर्जी – भारत का भौगोलिक प्रादेशीकरण
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: जॉर्ज कुरियन – भू-आकृति विज्ञान

**35.**
Question: 'स्विडेन कृषि' शब्द का सम्बन्ध है -
**Options:**
A. पशुपालन कृषि से
B. बागानी कृषि से
C. स्थानान्तरणशील कृषि से
D. मिश्रित कृषि से
E. अनुत्तरित प्रश्न
Answer: स्थानान्तरणशील कृषि से

RajTest

**36.**

Question: नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।
कथन (A): पृथ्वी के भौगोलिक और चुंबकीय उत्तर के बीच विसंगति पाई जाती है।
कारण (R): विभिन्न काल की आग्नेय चट्टानों के चुंबकत्व में भिन्नता पाई जाती है।

**Options:**

A. दोनों (A) तथा (R) सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

B. दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

C. (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

D. (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: दोनों (A) तथा (R) सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**37.**

Question: निम्नलिखित में से किस सतह का एल्बिडो 20 प्रतिशत से कम होता है?

**Options:**

A. शुष्क भूमि एवं घास

B. ताजा हिम एवं विरल बादल

C. नम भूमि एवं वन

D. पुरानी हिम एवं सघन बादल

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नम भूमि एवं वन

**38.**

Question: "मेनस्प्रिंग्स ऑफ सिविलाइज़ेशन" नामक पुस्तक के रचयिता कौन थे?

**Options:**

A. हम्बोल्ट

B. रैटज़ेल

C. हंटिंगटन

D. रिटर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: हंटिंगटन

**39.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धांत / मॉडल भ्वाकृतिक सीमान्त व जटिल प्रतिक्रिया की संकल्पना पर आधारित है?

**Options:**

A. खण्डकालिक अपरदन सिद्धांत

B. समिश्र मॉडल

C. गतिक सन्तुलन सिद्धांत

D. विवर्तन भ्वाकृतिक मॉडल

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: खण्डकालिक अपरदन सिद्धांत

**40.**

Question: पी. सेनगुप्ता तथा गैलीनां सदास्युक ने भारत को कितने प्रमुख संसाधन प्रदेशों में विभक्त किया था?

**Options:**

A. 5

B. 6

C. 7

D. 9

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 6

**41.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (महासागर – द्वीप) सुमेलित है?
महासागर
द्वीप
(A) एटलांटिक
फिजी
(B) आर्कटिक
बेयर
(C) हिंद
केर्गुएलन
(D) प्रशांत
गुआम

**Options:**

A. (A), (B), (C) एवं (D)

B. (A), (B) एवं (D)

C. (B), (C) एवं (D)

D. (A) एवं (B)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B), (C) एवं (D)

**42.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -
सूची-I
(प्रादेशिक व्यापार समूह)
(A) आसियान

RajTest

(B) सी.आई.एस.
(C) नाफ्टा
(D) लाइया
सूची-II
(सदस्य राष्ट्र)
(i) अज़रबैजान
(ii) ब्रुनेई
(iii) पेरू
(iv) संयुक्त राज्य अमेरिका (U.S.A.)

**Options:**

A. (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
B. (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(ii)
C. (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)
D. (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)

**43.**

Question: जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किन राज्यों में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 10 प्रतिशत से कम अंकित हुई?

**Options:**

A. केरल और सिक्किम
B. हिमाचल प्रदेश और सिक्किम
C. गोवा और पंजाब
D. गोवा और केरल
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: गोवा और केरल

**44.**

Question: निम्नलिखित उपागमों को कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें और नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन करें -
(A) क्षेत्रीय विभेदन
(B) स्थानिक संगठन
(C) अन्वेषण और विवरण
(D) प्रादेशिक विश्लेषण

**Options:**

A. (D) - (C) - (B) - (A)
B. (B) - (C) - (D) - (A)
C. (C) - (D) - (A) - (B)
D. (A) - (B) - (C) - (D)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (C) - (D) - (A) - (B)

**45.**

Question: इनमें से कौनसा समक्षेत्र प्रक्षेप है?
(A) बहुशंकुक
(B) बोन
(C) साइनुसॉइडल
(D) ध्रुवीय लम्बकोणीय

**Options:**

A. (B) एवं (C)
B. (B) एवं (D)
C. (A) एवं (C)
D. (A) एवं (D)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B) एवं (C)

**46.**

Question: क्लॉडियस टॉलेमी का विश्व मानचित्र किस प्रक्षेप पर बनाया गया था?

**Options:**

A. संशोधित शंक्वाकार
B. बेलनाकार सम क्षेत्रफल
C. बहुशंकुधारी
D. बेलनाकार समदूरस्थ
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: संशोधित शंक्वाकार

**47.**

Question: निम्नलिखित में से किस पुस्तक का दृष्टिकोण निश्चयवादी है?

**Options:**

A. प्रिंसिपेस डे ज्योग्राफी ह्यूमेन
B. एन्थ्रोपोजियोग्राफी
C. ज्योग्राफी एण्ड द सोशल साइंस
D. ज्योग्राफिकल इंट्रोडक्शन टू हिस्ट्री
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एन्थ्रोपोजियोग्राफी

**48.**

Question: वेन्टवर्थ मापक सम्बन्धित है -

**Options:**

A. ज्वारीय रेंज से
B. पवन वेग से
C. चट्टानों की कठोरता से
D. तलछट के कणों के आकार से

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: तलछट के कणों के आकार से

**49.**

Question: जयपुर जिले की बंजारी तथा लक्ष्मी खनन क्षेत्र/खानें हैं -

**Options:**

A. अभ्रक की

B. चाँदी की

C. जिप्सम की

D. डोलोमाइट की

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डोलोमाइट की

**50.**

Question: थॉर्नथवेट के अनुसार, दिए गये मानचित्र में छायांकित क्षेत्र किस जलवायु को प्रदर्शित करता है?

**Options:**

A. DA'w

B. CA'w

C. DB'w

D. EA'd

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: EA'd

**51.**

Question: "प्रजाति नस्ल को प्रकट करती है, न कि सभ्यता को", यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?

**Options:**

A. ए.आर. क्रोबर

B. जी. टेलर

C. विडाल डी ला ब्लाचे

D. ए.सी. हैडन

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: जी. टेलर

**52.**

Question: ऑफ-शोरिंग गतिविधि सम्बंधित है -

**Options:**

A. पर्यटन से

B. परिवहन से

C. अंतरिक्ष से

D. आँकड़ों का प्रसंस्करण से

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: आँकड़ों का प्रसंस्करण से

**53.**

Question: निम्नलिखित रोमन भूगोलवेत्ताओं में से किसका योगदान अधिकांशतः भौतिक भूगोल में था?

**Options:**

A. स्ट्रैबो

B. फिरमानस

C. पॉलीबियस

D. सोलिनस

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सोलिनस

**54.**

Question: मौसम की भविष्यवाणी के लिए उपयुक्त है –

**Options:**

A. माध्यिका

B. मानक विचलन

C. बहुलक

D. माध्य

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: माध्य

**55.**

Question: निम्नलिखित में कौनसा 'वियना सर्कल' वैज्ञानिकों के निर्धारित विज्ञान नियमों से संबंधित नहीं है?

**Options:**

A. ज्ञान मूल्य मुक्त होना चाहिए।

B. परिकल्पना का परीक्षण अनिवार्य रूप से होना चाहिए।

C. तथ्य आनुभाविक साक्ष्यों से समर्थित होते हैं।

D. ज्ञान तत्त्वमीमांसा से युक्त होना चाहिए।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ज्ञान तत्त्वमीमांसा से युक्त होना चाहिए।

**56.**

Question: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -
(A) पर्वतीय क्षेत्रों में दिन के समय पवनें ऊपर की ओर गमन करती हैं।
(B) समुद्र का पानी सूर्य द्वारा अपने निकटवर्ती क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक तेजी से गर्म होता है।

RajTest

(C) पर्वतीय क्षेत्रों में पवनों के नीचे की ओर के गमन को 'घाटी समीर' कहते हैं।

**Options:**

A. (A) तथा (B) सही हैं

B. केवल (B) सही है

C. केवल (A) सही है

D. (A), (B) तथा (C) सही हैं

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A) सही है

**57.**

Question: कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, ठंडी शीत ऋतु के साथ मध्य अक्षांशीय आर्द्र तथा शुष्क जलवायु को किस प्रतीक से दर्शाया गया है?

**Options:**

A. Cw

B. Df

C. Cf

D. Dw

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: Dw

**58.**

Question: थॉर्नथवेट के 1948 के जलवायु वर्गीकरण में संभाव्य वाष्पण वाष्पोत्सर्जन (PET) की गणना की जाती है -

**Options:**

A. औसत वार्षिक तापमान से

B. औसत अधिकतम मासिक तापमान से

C. औसत मासिक तापमान से

D. औसत मासिक वर्षण से

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: औसत मासिक तापमान से

**59.**

Question: भारत में मृदा सर्वेक्षण विभाग की स्थापना कब हुई थी?

**Options:**

A. 1953 में

B. 1954 में

C. 1956 में

D. 1960 में

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1956 में

**60.**

Question: बालाघाट मैंगनीज उत्पादन पट्टी भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

**Options:**

A. ओडिशा

B. मध्य प्रदेश

C. छत्तीसगढ़

D. झारखण्ड

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मध्य प्रदेश

**61.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसी बनास की सहायक नदी नहीं है?

**Options:**

A. बेड़च

B. कोठारी

C. मोरेल

D. मोरेन

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मोरेन

**62.**

Question: जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में क्रमशः ग्रामीण व नगरीय लिंगानुपात सर्वाधिक है?

**Options:**

A. भीलवाड़ा - चित्तौड़गढ़

B. डूंगरपुर – प्रतापगढ़

C. राजसमंद – बाँसवाड़ा

D. पाली - टोंक

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पाली - टोंक

**63.**

Question: बादल जो सामान्यतः या तो ऊष्मा के ह्रास या अलग-अलग तापमानों पर हवा द्रव्यमानों के आपस में मिश्रित होने से बनते हैं, वे हैं -

**Options:**

A. वर्षा मेघ

B. स्तरी मेघ

C. पक्षाभ मेघ

D. कपासी मेघ

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: स्तरी मेघ

**64.**

Question: हेलेनिक प्लेट स्थित है -

**Options:**

A. अलास्का तथा आसपास के क्षेत्र में

B. नॉर्वे सागर में

C. भूमध्य सागर तथा आसपास के क्षेत्र में

D. कैलिफोर्निया की खाड़ी में

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भूमध्य सागर तथा आसपास के क्षेत्र में

**65.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा समान्तर माध्य के बारे में सत्य है?
(A) श्रृंखला के सभी मानों पर निर्भर नहीं होता।
(B) सहसंबंध विधि में उपयुक्त है।
(C) प्राप्त मान दशमलव और पूर्ण संख्या दोनों में होता है।
(D) अनुपात और प्रतिशत के अध्ययन के लिए उपयुक्त है।

**Options:**

A. (A) एवं (B)

B. (B) एवं (D)

C. (B) एवं (C)

D. (A) एवं (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B) एवं (C)

**66.**

Question: "प्रवास एक प्रभावी समय के लिए निवास स्थान का परिवर्तन कहलाता है", यह कथन निम्नलिखित में से किसका है?

**Options:**

A. ए.वी. पेरपिलौ

B. बर्कले

C. डोनाल्ड जे. बॉग

D. क्लार्क

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डोनाल्ड जे. बॉग

**67.**

Question: निम्नलिखित में से अरावली पर्वत की चोटियों का ऊँचाई के अनुसार सही घटता क्रम है -

**Options:**

A. रघुनाथगढ़, नागपानी, ऋषिकेष, तारागढ़

B. ऋषिकेष, रघुनाथगढ़, तारागढ़, नागपानी

C. ऋषिकेष, तारागढ़, रघुनाथगढ़, नागपानी

D. रघुनाथगढ़, ऋषिकेष, तारागढ़, नागपानी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: रघुनाथगढ़, ऋषिकेष, तारागढ़, नागपानी

**68.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा गैर-प्रक्षेपित शिक्षण सहायक सामग्री में सम्मिलित नहीं है?

**Options:**

A. नमूना

B. ट्रांसपेरेंसीज़

C. डायोरामा

D. मानचित्र

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ट्रांसपेरेंसीज़

**69.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसी सहकारी अधिगम की आधारभूत मान्यता नहीं है?

**Options:**

A. विद्यार्थियों को शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में मिलजुलकर काम करने का मौका दिया जाना चाहिए।

B. विद्यार्थी तभी अच्छी प्रकार से सीखते हैं जबकि वे सीखने की प्रक्रिया में पूरी तरह से एक दूसरे का सहयोग करते हुए अधिगम पथ पर बढ़ें।

C. अधिगम का मूल्यांकन प्रत्येक अधिगमकर्त्ता की उपलब्धि पर होना चाहिए।

D. अधिगम का मूल्यांकन इस बात पर निर्भर होना चाहिए कि समूह के सामने अधिगम के क्या उद्देश्य निर्धारित किये गये थे।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अधिगम का मूल्यांकन इस बात पर निर्भर होना चाहिए कि समूह के सामने अधिगम के क्या उद्देश्य निर्धारित किये गये थे।

**70.**

Question: संप्रत्यय संप्राप्ति प्रतिमान की सामाजिक प्रणाली के विषय में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

**Options:**

A. प्रतिमान अपेक्षाकृत संरचित है।

B. विद्यार्थी अन्तःक्रिया को प्रोत्साहित किया जाता है।

C. विद्यार्थी चरणों के क्रम को नियन्त्रित करते हैं।

RajTest

D. प्रतिमान की संरचना साधारण है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: विद्यार्थी चरणों के क्रम को नियन्त्रित करते हैं।

**71.**

Question: एक शिक्षक कक्षा में सचमैन के पृच्छा प्रशिक्षण प्रतिमान को लागू करना चाहता है। उसे सबसे पहले क्या करना चाहिए?

**Options:**

A. कक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को प्रमुख सम्प्रत्यय याद करने के लिये कहना।

B. एक जटिल स्थिति या समस्या प्रस्तुत करना और छात्रों को अन्वेषणात्मक प्रश्न पूछने के लिये प्रेरित करना।

C. विषयवस्तु को विस्तार से समझाने वाला व्याख्यान देना और फिर छात्रों को प्रश्न पूछने देना।

D. छात्रों को उनके प्रश्नों के सीधे उत्तर प्रदान करना।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एक जटिल स्थिति या समस्या प्रस्तुत करना और छात्रों को अन्वेषणात्मक प्रश्न पूछने के लिये प्रेरित करना।

**72.**

Question: निम्नलिखित में से अनुदेशनात्मक अभिकल्प (डिज़ाइन) में कौनसा चरण प्रणाली उपागम का भाग नहीं है?

**Options:**

A. यादृच्छिक शिक्षण विधियों का चयन करना

B. उद्देश्यों की पहचान करना

C. अधिगम अनुभवों को अभिकल्पित करना

D. प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यादृच्छिक शिक्षण विधियों का चयन करना

**73.**

Question: शैक्षिक तकनीकी के सॉफ्टवेयर उपागम से संबंधित निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

**Options:**

A. इसे व्यवहारजन्य तकनीकी भी कहा जाता है।

B. यह कार्य विश्लेषण, उद्देश्यों के निर्माण एवं उपयुक्त अधिगम रणनीतियों के चयन से संबंधित है।

C. इसमें शिक्षण व अधिगम के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रयोग किया जाता है।

D. यह शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया का मशीनीकरण है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यह शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया का मशीनीकरण है।

**74.**

Question: कथन (A): पश्च-प्रमाणिकता (पोस्ट-वैलिडेशन) कम्प्यूटर सहायक अधिगम प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण चरण है।
कारण (R): यह कम्प्यूटर सहायक मॉड्यूल को लागू करने से पहले उसमें सुधार करने में मदद करता है।

**Options:**

A. (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है

B. (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

C. (A) सही है लेकिन (R) गलत है

D. (A) गलत है लेकिन (R) सही है

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

**75.**

Question: कम्प्यूटर में सुपर वीडियो ग्राफिक्स एरे (SVGA) कॉर्ड का मुख्य लाभ क्या है?

**Options:**

A. ग्राफिक्स चित्रों की गुणवत्ता में सुधार करता है।

B. सी.पी.यू. का निष्पादन बढ़ाता है।

C. इंटरनेट ब्राउज़िंग की गति बढ़ाता है।

D. बिजली की खपत कम करता है।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ग्राफिक्स चित्रों की गुणवत्ता में सुधार करता है।

**76.**

Question: कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन (सी.ए.आई.) का शिक्षा में एक प्रमुख अनुप्रयोग क्या है?

**Options:**

A. स्व-गति से सीखने के कार्यक्रमों को विकसित करना।

B. पारंपरिक पुस्तकों को पूरी तरह से बदलना।

C. छात्रों की ज्ञान तक पहुंच को सीमित करना।

D. शिक्षकों की भूमिका को समाप्त करना।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: स्व-गति से सीखने के कार्यक्रमों को विकसित करना।

**77.**

Question: 'नेटिकेट' का क्या अर्थ है?

**Options:**

RajTest

A. सभी प्रकार के डिजिटल संचार से बचना
B. ऑनलाइन तेज बोलना
C. ऑनलाइन व्यवहार एवं अन्तःक्रिया
D. संदेशों में विराम चिन्हों का प्रयोग न करना
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ऑनलाइन व्यवहार एवं अन्तःक्रिया

**78.**

Question: पहाड़ी ढाल चक्र सिद्धांत के प्रतिपादक कौन थे?

**Options:**

A. ए.. यंग
B. डब्ल्यू.एम. डेविस
C. डब्ल्यू. पैंक
D. एल.सी. किंग
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एल.सी. किंग

**79.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा कृषि प्रदेश "विश्व के शराब / वाइन उद्योग के हृदय" के रूप में भी जाना जाता है?

**Options:**

A. गन्ना उत्पादक प्रदेश
B. भू-मध्यसागरीय कृषि प्रदेश
C. वाणिज्यिक अनाज की खेती कृषि प्रदेश
D. वाणिज्यिक बागानी कृषि प्रदेश
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: भू-मध्यसागरीय कृषि प्रदेश

**80.**

Question: निम्नांकित कथन पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये
कथन (A): भारतीय मानसून की उत्पत्ति के सम्बन्ध में तापीय विभेदन की संकल्पना हैली द्वारा दी गई थी।
कारण (R): तापीय विभेदन की संकल्पना भारतीय मानसून की उत्पत्ति को समझाती है।

**Options:**

A. (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है
B. (A) तथा (R) दोनों गलत हैं
C. (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है
D. (A) सही है किन्तु (R) गलत है
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है

**81.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (खनिज – खनन क्षेत्र) सही सुमेलित है?

**Options:**

A. कोयला – बेसिन
B. बॉक्साइट – गोरुमहिसानी
C. लोहा – सिंगरौली
D. पैट्रोलियम – लुनेज
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पैट्रोलियम – लुनेज

**82.**

Question: निम्नलिखित में से राजस्थान की झीलों का उत्तर से दक्षिण दिशा में सही क्रम कौनसा है?

**Options:**

A. मांडल ताल फॉय सागर गैब सागर फतेह सागर
B. गैब सागर - फतेह सागर मांडल ताल - फॉय सागर
C. फॉय सागर मांडल ताल गैब सागर – फतेह सागर
D. फॉय सागर मांडल ताल फतेह सागर गैब सागर
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: फॉय सागर मांडल ताल फतेह सागर गैब सागर

**83.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (देश – तेल क्षेत्र) सही सुमेलित नहीं है?

**Options:**

A. सऊदी अरब - घावर
B. ईरान – गचसरन
C. कुवैत – बर्गन
D. ईराक - कतीफ
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ईराक - कतीफ

**84.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा मेसोपोटामिया का नगर है?

**Options:**

A. फुस्टैट
B. काहुन
C. एरेच

RajTest

D. थेबेस

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एरेच

**85.**

Question: "प्रकृति की मेज सीमित संख्या के अतिथियों के लिये ही लगी हुई है और जो बिना बुलाये मेहमान होंगे उनको अवश्य भूखा रहना होगा।" जनसंख्या वृद्धि से संबंधित उक्त कथन किसका है?

**Options:**

A. हेनरी जॉर्ज

B. थॉमस रॉबर्ट माल्थस

C. थॉमस डबलडे

D. थॉमस सैडलर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: थॉमस रॉबर्ट माल्थस

**86.**

Question: विशेषक अपरदन का परिणाम हैं -
(A) संरचनात्मक पीठिकाएं
(B) छत्रक शिला
(C) अधःकर्तित विसर्प
(D) भूस्तम्भ

**Options:**

A. (B) और (C)

B. (A) और (C)

C. (A) और (D)

D. (B) और (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B) और (D)

**87.**

Question: निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
खनन क्षेत्र खनिज
(A) अकवाली और सतकुई (i) फ्लोराइट
(B) रामपुरा-आगुचा (ii) सोना
(C) जगपुरा-भूकिया (iii) लाइमस्टोन
(D) मांडो की पाल (iv) ताँबा
(E) सबला-लोहारिया (v) सीसा-जस्ता

**Options:**

A. (A)-(iv), (B)-(v), (C)-(ii), (D)-(i), (E)-(iii)

B. (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(ii), (E)-(v)

C. (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(v), (E)-(iv)

D. (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv), (E)-(v)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-(iv), (B)-(v), (C)-(ii), (D)-(i), (E)-(iii)

**88.**

Question: कार्ल रिटर के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए
(a) ईश्वर उद्देश्यवादी विचारधारा
(b) भूगोल का मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण
(c) शुद्ध भूगोल का समर्थक
(d) लैंडरकुंडे की अवधारणा
नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए

**Options:**

A. (a), (b) और (d)

B. केवल (a)

C. (a) और (b)

D. (a), (b) और (c)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (a), (b) और (d)

**89.**

Question: "डोड्डाबेट्टा चोटी" निम्नलिखित में से कौनसी पर्वत श्रृखला में स्थित है?

**Options:**

A. अन्नामलाई

B. इलायची

C. नल्लामाला

D. नीलगिरी

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नीलगिरी

**90.**

Question: मनोरंजन तथा सेवाओं से सम्बन्धित कार्य को जाना जाता है -

**Options:**

A. द्वितीयक व्यवसाय

B. प्राथमिक व्यवसाय

C. तृतीयक व्यवसाय

D. चतुर्थक व्यवसाय

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: तृतीयक व्यवसाय

**91.**

Question: भ्रंशों के संघटकों के निम्नलिखित आरेख में अंकित भागों को ज्ञात कीजिए और इसे नीचे दी गई सूची के साथ

RajTest

सुमेलित कीजिए
सूची
(i) पात
(ii) नति
(iii) पार्श्वक्षेप
(iv) उन्नमन

**Options:**

A. (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)

B. (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

C. (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

D. (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)

**92.**

Question: नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।
कथन (A): वर्ष 2024-25 के दौरान भारत के तैयार इस्पात के निर्यात में कमी आई।
कारण (R): अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्टील की कम कीमतों के कारण निर्यात का लाभांश कम हो गया।
उपरोक्त संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है?

**Options:**

A. (A) गलत है लेकिन (R) सही है

B. (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

C. (A) सही है लेकिन (R) गलत है

D. (A) तथा (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

**93.**

Question: पृथ्वी के आंतरिक भाग के बारे में कौनसे कथन सत्य हैं?
(A) पृथ्वी की भूआकृतियों को समझने में मदद करता है।
(B) गहराई के साथ तापमान 1°C/32 मीटर की दर से बढ़ता है।
(C) 'S' तरंग का छाया क्षेत्र 'P' तरंग से कम होता है।
(D) पृथ्वी के धरातल पर पहुँचने वाले उल्कापिंड सूचना के अप्रत्यक्ष स्रोत हैं।

**Options:**

A. केवल (B) एवं (D)

B. (B), (C) एवं (D)

C. (A), (B) एवं (D)

D. केवल (A) एवं (B)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) एवं (D)

**94.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
सूची-I (ग्रंथ) सूची-II (लेखक)
(A) कॉसमॉस (i) फ्ल्यूर
(B) अर्डकुण्डे (ii) रिटर
(C) वोल्करकुण्डे (iii) रैटज़ेल
(D) कॉरिडोर्स ऑफ टाइम (iv) हम्बोल्ट

**Options:**

A. (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)

B. (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(ii)

C. (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)

D. (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iii)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)

**95.**

Question: एक स्कैटर आरेख में दाएं निचले कोने से ऊपरी बाएं कोने तक बिंदुओं की सरल रैखिक व्यवस्था इंगित करती है -

**Options:**

A. उत्तम सहसम्बन्ध

B. ऋणात्मक सहसम्बन्ध

C. सीमित धनात्मक सहसम्बन्ध

D. कोई सहसम्बन्ध नहीं

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ऋणात्मक सहसम्बन्ध

**96.**

Question: सतत् पोषणीय विकास से सम्बन्धित ब्रंटलैंड रिपोर्ट किस वर्ष प्रस्तुत की गई थी?

**Options:**

A. 1986 में

B. 1985 में

C. 1987 में

D. 1988 में

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1987 में

**97.**

RajTest

Question: निम्नलिखित में से किस विद्वान ने फारस साम्राज्य के "सूसा से सार्डिस तक के महान राजमार्ग" का स्पष्ट रूप से वर्णन अपनी पुस्तक में किया?

**Options:**

A. हेरोडोटस

B. हेकेटियस

C. एरेटोस्थेनेज

D. एनाक्सीमैंडर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: हेरोडोटस

**98.**

Question: चम्बल 65 तथा मंगला उच्च उपज देने वाली किस्म के बीज हैं -

**Options:**

A. बाजरा के

B. ज्वार के

C. चावल के

D. गेहूँ के

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: गेहूँ के

**99.**

Question: निम्नलिखित में कौनसा कथन सही नहीं है?

**Options:**

A. देवास परियोजना के द्वितीय चरण में मादड़ी बाँध का निर्माण किया गया।

B. देवास परियोजना के प्रथम चरण में गोराणा बाँध का निर्माण किया गया।

C. देवास परियोजना उदयपुर की जीवन रेखा बनकर उभरी है।

D. देवास परियोजना के तृतीय चरण में चंदलाई बाँध का निर्माण किया गया।

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: देवास परियोजना के तृतीय चरण में चंदलाई बाँध का निर्माण किया गया।

**100.**

Question: राजस्थान में 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्न में से किस जिले का जनसंख्या घनत्व 100 से कम है?

**Options:**

A. चुरू

B. पाली

C. बाड़मेर

D. जोधपुर

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बाड़मेर

**101.**

Question: चट्टानों से सम्बन्धित दिए गए बिन्दुओं में से, नीचे दिये गये कूट से सही कथनों का चयन कीजिए -
(A) आग्नेय चट्टानें प्राथमिक व रवेदार चट्टानें होती हैं।
(B) लोएस एक अवसादी चट्टान है और रवेदार होती है।
(C) संगमरमर एक कायान्तरित चट्टान है।

**Options:**

A. केवल (B) तथा (C)

B. (A), (B) तथा (C)

C. केवल (A) तथा (C)

D. केवल (A) तथा (B)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A) तथा (C)

**102.**

Question: संयुक्त राज्य (अमेरिका) भूगर्भिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2024 के अनुसार वर्ष 2022 में निम्नलिखित में से किस देश में लौह अयस्क (कच्चा) का अधिकतम भंडार है?

**Options:**

A. ब्राज़ील

B. रूस

C. ऑस्ट्रेलिया

D. भारत

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ऑस्ट्रेलिया

**103.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा / से माल्थस के अनुसार, जनसंख्या नियंत्रण के लिए उत्तरदायी कारक है / हैं?
(A) विवाह स्थगन
(B) परिवार नियोजन के कृत्रिम साधन
(C) प्राकृतिक आपदाएं
(D) युद्ध एवं भुखमरी

**Options:**

A. (A) और (B)

B. (A), (B), (C) और (D)

C. केवल (A)

D. (A), (C) और (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (C) और (D)

RajTest

**104.**

Question: मलबा नियंत्रित ढाल कहलाता है -

**Options:**

A. मुक्त पृष्ठ ढाल

B. सरल रेखीय ढाल

C. उत्तल ढाल

D. अवतल ढाल

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सरल रेखीय ढाल

**105.**

Question: निरपेक्ष आर्द्रता / आर्द्रता सामर्थ्य × 100 कहलाता है -

**Options:**

A. सापेक्षिक आर्द्रता

B. निरपेक्ष आर्द्रता

C. विशिष्ट आर्द्रता

D. संतृप्त वायु

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सापेक्षिक आर्द्रता

**106.**

Question: सही कथनों को चुनिए -
(A) पंजाब और हरियाणा पारंपरिक चावल उत्पादक क्षेत्र हैं।
(B) गेहूँ, हिमालय की उच्चभूमियों में वर्षा आधारित फसल है।
(C) भारत में चाय बागान की शुरुआत 1840 के दशक में हुई।

**Options:**

A. (B) एवं (C)

B. (A) एवं (B)

C. (A), (B) एवं (C)

D. (A) एवं (C)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B) एवं (C)

**107.**

Question: मानव विकास सूचकांक की गणना करते समय, इसके विभिन्न आयामों को भारिता दी जाती है –

**Options:**

A. 1/4

B. 1/3

C. 1/2

D. 1/5

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1/3

**108.**

Question: निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
कृषि-जलवायु प्रदेश मिट्टी का प्रकार
(A) शुष्क पश्चिमी मैदान (i) भूरी लाल चट्टानी
(B) सिंचित उत्तर-पश्चिमी मैदान (ii) काली
(C) उप-आर्द्र मैदान (iii) गहरी लाल चट्टानी
(D) आर्द्र दक्षिणी मैदान (iv) रेतीली
(E) आर्द्र दक्षिण-पूर्वी मैदान (v) जलोढ़

**Options:**

A. (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(v), (D)-(i), (E)-(iv)

B. (A)-(iv), (B)-(v), (C)-(i), (D)-(iii), (E)-(ii)

C. (A)-(iii), (B)-(v), (C)-(i), (D)-(iv), (E)-(ii)

D. (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(ii), (E)-(v)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-(iv), (B)-(v), (C)-(i), (D)-(iii), (E)-(ii)

**109.**

Question: सुरा घाट एक (A) है, जो (B) में अवस्थित है।

**Options:**

A. (A)—दर्रा, (B)-उत्तर-पूर्वी अरावली

B. (A)-पठार, (B)-दक्षिणी अरावली

C. (A)-शिखर, (B)- मध्य अरावली

D. (A)-दर्रा, (B)- मध्य अरावली

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A)-दर्रा, (B)- मध्य अरावली

**110.**

Question: व्यवहारवादी भूगोल का/के निम्नलिखित में से कौनसा / कौनसे आधारभूत तर्क है/हैं?
(A) व्यक्तियों के मानस में वातावरणीय प्रतिबिम्ब होते हैं।
(B) ऐसे प्रतिबिम्बों को शोधकर्ताओं द्वारा परिशुद्धता से पहचाना जा सकता है।
(C) वातावरणीय प्रतिबिम्बों व व्यक्ति के निर्णय लेने की प्रक्रिया में सम्बन्ध नहीं होता है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए

**Options:**

A. (A) तथा (C) सही हैं

B. (B) तथा (C) सही हैं

C. (A) तथा (B) सही हैं

D. केवल (A) सही है

E. अनुत्तरित प्रश्न

RajTest

Answer: (A) तथा (B) सही हैं

**111.**

Question: डोलड्रम बेल्ट के अस्तित्व का मुख्य कारण है
(A) यह ठण्डे प्रदेशों में स्थित है
(B) उच्च तापमान तथा न्यून वायु दाब
(C) यहाँ ज्यादातर वायु शांत रहती है
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
कूट

**Options:**

A. (B) तथा (C) सही हैं
B. (A), (B) तथा (C) सही हैं
C. केवल (A) सही है
D. (A) तथा (B) सही हैं
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B) तथा (C) सही हैं

**112.**

Question: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए
गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए
(A) कार्बी आंगलोंग भारत के प्रायद्वीपीय पठार का हिस्सा है।
(B) मेसोज़ोइक युग के समय भारतीय मरुस्थल क्षेत्र समुद्र के नीचे था।
(C) पूर्वी भारतीय तट पोर्ट व हार्बर के विकास के लिए अनुकूल है।
(D) रिची द्वीपसमूह अरब सागर में हैं।
कूट

**Options:**

A. (B), (C) एवं (D)
B. (A) एवं (B)
C. (B) एवं (C)
D. (A), (B) एवं (C)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A) एवं (B)

**113.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

**Options:**

A. हिमानी द्वारा निर्मित अपरदनात्मक भू-आकृति
B. नुनाटक
C. पवन द्वारा निर्मित निक्षेपित भू-आकृति
D. इन्सेलबर्ग
E. पवन द्वारा निर्मित अपरदनात्मक भू-आकृति
F. यारडांग
G. हिमानी द्वारा निर्मित निक्षेपित भू-आकृति – केम
H. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पवन द्वारा निर्मित निक्षेपित भू-आकृति
- इन्सेलबर्ग

**114.**

Question: किसने सीमाओं को "राजनीतिक समभार रेखाओं" के
समान माना है?

**Options:**

A. लॉर्ड कर्जन
B. जे. एन्सेल
C. ए.ई. मूडी
D. एफ. रैटज़ेल
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: लॉर्ड कर्जन

**115.**

Question: क्षेत्र एकरूपता सिद्धांत के प्रतिपादन में सहयोग करने
वाले भूगोलवेत्ताओं का सही समूह है

**Options:**

A. एस.बी. जोन्स – कोहेन - रिचर्ड मूर – कार्लसन
B. एस.बी. जोन्स डी. व्हिट्लेसी – हार्टशोर्न
C. गॉटमैन
D. थायर महान – मैकिण्डर – एस.बी. जोन्स
E. स्पाइकमैन
F. डीमांज़िया – कार्ल हौशोफर – रैटज़ेल – केजेलेन
G. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: एस.बी. जोन्स डी. व्हिट्लेसी – हार्टशोर्न

**116.**

Question: राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के मध्यकालीन लक्ष्य के
अनुसार, कुल प्रजनन दर (T.F.R.) को किस प्रतिस्थापन स्तर तक लाना है?

**Options:**

A. 2.1 शिशु प्रति महिला
B. 1.8 शिशु प्रति महिला
C. 2.3 शिशु प्रति महिला
D. 2.0 शिशु प्रति महिला
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 2.1 शिशु प्रति महिला

RajTest

**117.**

Question: वी-आकार की घाटी का खड़ा ढाल उदाहरण है -

**Options:**

A. तृतीयक ढाल का
B. प्राथमिक ढाल का
C. चतुर्थक ढाल का
D. द्वितीयक ढाल का
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: द्वितीयक ढाल का

**118.**

Question: जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में क्रमशः न्यूनतम
एवं अधिकतम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य हैं

**Options:**

A. अरुणाचल प्रदेश एवं बिहार
B. अरुणाचल प्रदेश एवं केरल
C. नागालैण्ड एवं महाराष्ट्र
D. मिज़ोरम एवं पश्चिम बंगाल
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अरुणाचल प्रदेश एवं बिहार

**119.**

Question: ऊपरी वायु में, व्यापारिक पवनों के तापमान व्युत्क्रमण
साधारणतः जुड़े होते हैं

**Options:**

A. उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में जेट धाराओं के नीचे की
B. ओर गमन से
C. उष्ण तथा उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म चक्रवातों
D. से
E. उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म प्रतिचक्रवातों से
F. गर्म हवाओं के ऊपर ठंडी हवाओं के गमन से
G. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों के गर्म प्रतिचक्रवातों से

**120.**

Question: 'भारत का मरुस्थलीयकरण एवं भूमि अवनयन एटलस-2016' का प्रकाशन किसके द्वारा किया गया?

**Options:**

A. नाटमो (NATMO)
B. काज़री (CAZRI)
C. इसरो (ISRO)
D. एनआरसीएएच (NRCAH)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: इसरो (ISRO)

**121.**

Question: विनिपेग शहर का निम्नलिखित जलवायु आरेख दर्शाता
है
JFMAMJJASOND
महीने

**Options:**

A. मध्य-अक्षांशीय स्टेपी जलवायु
B. निम्न-अक्षांशीय स्टेपी जलवायु
C. भूमध्य सागरीय जलवायु
D. मध्य-अक्षांशीय मरुस्थलीय जलवायु
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मध्य-अक्षांशीय स्टेपी जलवायु

**122.**

Question: हेलोक्लाइन मण्डल का संबंध है

**Options:**

A. वायु दाब से
B. लवणता से
C. तापमान से
D. घनत्व से
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: लवणता से

**123.**

Question: भारत की प्रथम राष्ट्रीय जनसंख्या नीति कब बनायी गयी थी?

**Options:**

A. सन् (वर्ष) 2000
B. सन् (वर्ष) 1972
C. सन् (वर्ष) 1984
D. सन् (वर्ष) 1976
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: सन् (वर्ष) 1976

**124.**

Question: म्यांमार की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के साथ लगे हुए भारत के राज्यों का सही समूह है

RajTest

**Options:**

A. अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर एवं मिज़ोरम
B. मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा एवं असम
C. असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड एवं मणिपुर
D. नागालैण्ड, त्रिपुरा, मणिपुर एवं मिज़ोरम
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर एवं मिज़ोरम

**125.**

Question: दक्षिणी अटलांटिक महासागर की निम्नलिखित में से कौनसी समुद्र धारा प्रणाली का क्रम सही है?

**Options:**

A. दक्षिण भूमध्यरेखीय धारा बेंगुएला धारा
B. ब्राज़ील धारा पश्चिमी वायु प्रवाह
C. पश्चिमी वायु प्रवाह ब्राज़ील धारा – बेंगुएला
D. धारा दक्षिण भूमध्यरेखीय धारा
E. बेंगुएला धारा ब्राज़ील धारा
F. दक्षिण
G. भूमध्यरेखीय धारा पश्चिमी वायु प्रवाह
H. दक्षिण भूमध्यरेखीय धारा ब्राज़ील धारा
I. पश्चिमी वायु प्रवाह – बेंगुएला धारा
J. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: दक्षिण भूमध्यरेखीय धारा ब्राज़ील धारा - पश्चिमी वायु प्रवाह – बेंगुएला धारा

**126.**

Question: राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन किससे संबंधित है?
(A) एग्रोटेक
(B) स्पोर्ट्सटेक
(C) इंफोटेक
(D) मेडीटेक
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -
कूट

**Options:**

A. केवल (A), (B) एवं (C)
B. केवल (B) एवं (C)
C. केवल (A) एवं (D)
D. केवल (A), (B) एवं (D)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A), (B) एवं (D)

**127.**

Question: विलास तथा लासी सहायक नदियाँ हैं –

**Options:**

A. चंबल की
B. पार्वती की
C. काली सिंध की
D. कोठारी की
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: पार्वती की

**128.**

Question: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए
(A) इसमें चीका व दोमट दोनों प्रकार की मृदा मिलती हैं।
(B) इस मृदा में नमी अधिक समय तक धारण करने की क्षमता होती है।
(C) यह मृदा भीलवाड़ा, अजमेर, सिरोही जिलों में मिलती है।
उपरोक्त कथनों के आधार पर राजस्थान की मृदा का प्रकार बताइये

**Options:**

A. लाल-पीली मृदा
B. मध्यम काली मृदा
C. लाल-लोमी मृदा
D. जलोढ़ मृदा
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मध्यम काली मृदा

**129.**

Question: निम्नलिखित में कौनसे युग्म सही सुमेलित है?
(सिंचाई परियोजना)
(जिला)
(a) रेवा
प्रतापगढ़
(b) ल्हासी
बारां
(c) फोलाई लिफ्ट
झालावाड़
(d) कालीतीर लिफ्ट
धौलपुर
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए
कूट

**Options:**

A. (b) और (d)
B. (b) और (c)
C. (a), (b) और (c)
D. (a) और (b)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (b) और (d)

RajTest

**130.**

Question: प्लेन टेबल सर्वेक्षण में त्रिपाद स्टैंड की ऊँचाई है -

**Options:**

A. लगभग 1.75 मीटर
B. लगभग 1.50 मीटर
C. लगभग 2.00 मीटर
D. लगभग 1.25 मीटर
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: लगभग 1.25 मीटर

**131.**

Question: भारत में प्रथम मास्टर प्लान किस शहर के लिए तैयार
किया गया?

**Options:**

A. मुम्बई
B. चेन्नई
C. दिल्ली
D. कोलकाता
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: दिल्ली

**132.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसी नदी सर्वाधिक प्रदूषित है?

**Options:**

A. गोदावरी
B. यमुना
C. ब्रह्मपुत्र
D. सतलुज
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: यमुना

**133.**

Question: असममित बारंबारता वितरण में समान्तर माध्य (X),
बहुलक (Z) तथा माध्यिका (M) के बीच सम्बन्ध प्रकट करने का सही सूत्र है

**Options:**

A. M = 3X+Z / 2
B. Z = 2M-3X
C. Z = 3M - 2X
D. X = 2M-Z / 3
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: Z = 3M - 2X

**134.**

Question: निम्नलिखित में से किन दबाव पेटियों का निर्माण क्रमशः
गतिक तथा तापीय कारकों से हुआ है?

**Options:**

A. उपोष्णकटिबंधीय उच्च तथा ध्रुवीय उच्च
B. उपध्रुवीय निम्न तथा उपोष्णकटिबंधीय उच्च
C. ध्रुवीय उच्च तथा उपोष्णकटिबंधीय उच्च
D. भूमध्यरेखीय निम्न तथा ध्रुवीय उच्च
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उपोष्णकटिबंधीय उच्च तथा ध्रुवीय उच्च

**135.**

Question: सूची-1 को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें
सूची-1
(कैण्डोल का वनस्पति वर्गीकरण)
(a) मेसोथर्म
(b) मेगाथर्म
(c) माइक्रोथर्म
(d) ज़ेरोफाइट
सूची-II
(कोपेन का जलवायु वर्गीकरण)
(i) A
(ii) B
(iii) C
(iv) D
कूट

**Options:**

A. (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
B. (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
C. (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)
D. (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)

**136.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसी भू-आकृति प्रवाहित जल द्वारा निर्मित नहीं है?

**Options:**

A. टार्न झील

RajTest

B. अवनमित कुण्ड
C. कैनियन
D. गॉर्ज
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: टार्न झील

**137.**

Question: निम्नलिखित में से किस विचारधारा को 'भू-दृश्य का जीवन चरित' भी माना जाता है?

**Options:**

A. प्रत्यक्षवाद
B. अस्तित्ववाद
C. उद्देश्यवाद
D. यथार्थवाद
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उद्देश्यवाद

**138.**

Question: वेबर के न्यूनतम लागत सिद्धांत के अनुसार, यदि दोनों
कच्चे माल बाज़ार से दूर, निश्चित स्थान पर प्राप्त होते हैं और दोनों शुद्ध हैं, तो उद्योग की स्थापना होगी

**Options:**

A. कच्चे माल के निकट
B. दोनों (बाज़ार तथा कच्चे माल के निकट)
C. अवस्थिति-त्रिभुज के अनुरूप
D. बाज़ार के निकट
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: बाज़ार के निकट

**139.**

Question: निम्नलिखित में से किसने समुद्र तल में परिवर्तन पर ज़ोर देते हुए प्रवाल भित्ति निर्माण के स्थिर स्थल
सिद्धांत का समर्थन किया?

**Options:**

A. ओलिवर
B. डेली
C. मरे
D. डार्विन
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: डेली

**140.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा एक मानव भूगोल का उपागम नहीं है?

**Options:**

A. स्थानिक संगठन
B. क्षेत्रीय विभेदन
C. मानचित्र प्रक्षेपण
D. भूगोल में उत्तर आधुनिकतावाद
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मानचित्र प्रक्षेपण

**141.**

Question: राजस्थान वन प्रतिवेदन 2023-24 के अनुसार, कुल आकलित वन क्षेत्र वर्ष 2021 की दृष्टि से राजस्थान
के जिलों का अवरोही क्रम हैं

**Options:**

A. प्रतापगढ़ – उदयपुर - अलवर बारां
B. उदयपुर - अलवर - प्रतापगढ़ - बारां
C. प्रतापगढ़ – उदयपुर - बारां - अलवर
D. उदयपुर - प्रतापगढ़ - बारां - अलवर
E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: उदयपुर - अलवर - प्रतापगढ़ - बारां

**142.**

Question: 'बारोक प्रणाली' सम्बन्धित थी –

**Options:**

A. मध्ययुगीन यूरोपीय नगरों में कृषि पद्धति से।
B. नील नदी घाटी के प्राचीन नगरों में नगर नियोजन
C. से।
D. मध्ययुगीन यूरोपीय नगरों में नगर नियोजन से।
E. प्राचीन नील नदी घाटी में कृषि पद्धति से।
F. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: मध्ययुगीन यूरोपीय नगरों में नगर नियोजन से।

**143.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा / से लक्ष्य नई जनसंख्या - नीति-2000 से संबंधित है / हैं?
(A) 14 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना।
(B) गर्भावस्था से संबंधित महिला मृत्युदर को 100 प्रति लाख से कम करना।
(C) कम से कम 80% जनन को चिकित्सालयों की परिधि में सम्पन्न कराना।
(D) कुल उत्पादकता दर को 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर तक लाना।
कूट

RajTest

**Options:**

A. (A), (B), (C) और (D)

B. (B), (C) और (D)

C. (A), (C) और (D)

D. केवल (D)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B), (C) और (D)

**144.**

Question: "रुको और जाओ नियतिवाद" के प्रतिपादक थे

**Options:**

A. ए. हंटिंगटन

B. ई.सी. सेम्पल

C. ग्रिफिथ टेलर

D. एल. फेवरे

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: ग्रिफिथ टेलर

**145.**

Question: यदि कथनात्मक मापक 1" = 2 फर्लांग को बतलाता है,
तो प्रतिनिधि भिन्न (R.F.) होगा

**Options:**

A. 1:16000

B. 1:14000

C. 1:15240

D. 1:15840

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: 1:15840

**146.**

Question: भारत में, विषयक मानचित्र किसके द्वारा तैयार किए जाते हैं?

**Options:**

A. रिमोट सेंसिंग एजेंसी, हैदराबाद

B. थीमैटिक मैपिंग ऑफ इंडिया

C. भारतीय सर्वेक्षण विभाग

D. नाटमो (NATMO)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: नाटमो (NATMO)

**147.**

Question: निम्नलिखित में से कौनसा / से सुमेलित है/हैं?
अमलैण्ड के सीमांकन
प्रतिपादक
का सिद्धांत
(A) अन्तःक्रिया मॉडल
एच.सी. कैरी
(B) फुटकर गुरुत्वाकर्षण नियम
पी.डी. कॉनवर्स
(C) अलगाव बिन्दु सिद्धांत
रैली
नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का
चयन कीजिए
कूट

**Options:**

A. केवल (A)

B. (A) तथा (C)

C. (A), (B) तथा (C)

D. (B) तथा (C)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: केवल (A)

**148.**

Question: वेबर के न्यूनतम लागत सिद्धांत के अनुसार, 'श्रम लागत
सूचकांक' का सूत्र है

**Options:**

A. कच्चे पदार्थ का कुल भार : श्रम लागत

B. उत्पादित वस्तु का कुल भार : श्रम लागत

C. श्रम लागत : कच्चे पदार्थ का कुल भार

D. श्रम लागत : उत्पादित वस्तु का कुल भार

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: श्रम लागत : उत्पादित वस्तु का कुल भार

**149.**

Question: निम्नलिखित
में से कौनसा / से भूगोलवेत्ता
एकरूपतावाद के सिद्धांत से संबंधित है / हैं?
(A) हटन
(B) प्लेफेयर
(C) लेयेल
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए
कूट

**Options:**

A. केवल (A) तथा (B)

B. केवल (A) तथा (C)

C. (A), (B) तथा (C)

D. केवल (A)

RajTest

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (A), (B) तथा (C)

**150.**

Question: टेलर के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी प्रजातियाँ
75 से अधिक शिरस्य सूचकांक रखती हैं?
(A) नॉर्डिक
(B) नेग्रिटो
(C) ऑस्ट्रेलॉयड
(D) अल्पाइन
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए –
कूट

**Options:**

A. (A), (B) तथा (D)

B. (A) तथा (D)

C. (B), (C) तथा (D)

D. (C) तथा (B)

E. अनुत्तरित प्रश्न

Answer: (B), (C) तथा (D)

RajTest